**दिनांक 23.02.2023 को श्री अंशुल कुमार, जिला पदाधिकारी बाँका कि अध्यक्षता में मिशन क्वालिटी के तहत सदर अस्पताल बाँका के सभागार में सभी चिकित्सकों के साथ बैठक की कार्यवाही।**


उपस्थिति यथापंजी।

सर्वप्रथम बाँका को जिला मिशन 60 में बेहतर कार्य के लिए प्रथम पुरूस्कार पाने के लिए जिला पदाधिकारी के द्वारा सभी चिकित्सकों एवं सभी कार्यरत कर्मी को धन्यवाद दिया गया।

1. **वाह्य विभाग की समीक्षा** :– बैठक में जिला पदाधिकारी के द्वारा माह नवम्बर, 2022 से जनवरी, 2023 तक में विभिन्न चिकित्सकों के वाह्य विभाग में उपचारित मरीजों कि संख्या कि उपलब्धि कि समीक्षा कि गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि डा0 चांदनी कुमारी, डा0 विजय कुमार, डा0 एजाजमसीह, डा0 प्रमोद कुमार एवं अन्य चिकित्सकों द्वारा अच्छे कार्य किया गया। वहीं कुछ चिकित्सकों द्वारा यथा– डा0 पवन कुमार झा, डा0 मनोज़ कुमार, डा0 आशिष रंजन द्वारा कम उपलब्धि पाया गया इसपर खेद व्यक्त करते हुए संबंधित चिकित्सकों को बेहतर कार्य करने हेतु निदेशित किया गया।

**(अनु0–संबंधित चिकित्सक, सदर अस्पताल, बाँका)**


2. **सिजेरियन प्रसव** :–




समीक्षा के क्रम सिजेरियन डा0 पवन कुमार झा कि उपलब्धि सर्जरी एवं वाहय विभाग में संतोषप्रद नहीं पाया गया इसपर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में सुधार करने के लिए निदेशित किया गया। 24X7 के तहत सिजेरियन प्रसव कि व्यवस्था करने हेतु उपाघिक्षक को निदेशित किया गया तथा रात्रि में मुर्छक एवं सर्जन/स्त्री रोग विशेषज्ञ का कर्तव्य संघारित करते हुए सिजेरियन प्रसव शुरू कराने हेतु निदेशित किया गया जिस पर प्रभारी उपाधीक्षक के द्वारा 15 दिनों के अन्दर व्यवस्था करने हेतु सहमति किया गया।

**(अनु0–संबंधित चिकित्सक, सदर अस्पताल, बाँका)**


3. **परिवार नियोजन ऑपरेशन** :–



परिवार नियोजन ऑपरेशन चिकित्सक वाईज समीक्षा क्रम में पाया गया कि डा0 अनिता अरूण एवं डा0 लक्ष्मण पंडित के द्वारा सर्वाधिक ऑपरेशन किया गया तथा अन्य चिकित्सकों को संख्यात्मक बढ़ोतरी करने हेतु निदेशित किया गया।

**(अनु0—संबंधित चिकित्सक, सदर अस्पताल, बाँका)**


4. **जेनरल सर्जरी की समीक्षा :—**





समीक्षा किया गया जिसमें डा0 लक्ष्मण पंडित के द्वारा सर्वाधिक ऑपरेशन किया गया वही डा0 पवन कुमार झा के उपलब्धि पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बढोतरी हेतु निदेषित किया गया।

5. **एस0एन0सी0यू0 कि समीक्षा :—**

**Avg. Stay- SNCU**




**Bed Occupancy Rate- SNCU**




समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पिछले दो माह में बेड आक्युपेन्सी एवं एवरेज स्टे कम परिलक्षित रहने पर एस.एन.सी.यु. प्रभारी डा0 कुमार अमीष, चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, बांका से पृच्छा किया गया, पृच्छा के क्रम बताया गया कि वर्तमान में बच्चों के साथ माताओं के रहने कि समुचित व्यवस्था एवं शौचालय कि व्यवस्था कि जाय ताकि अगामी माह में

ज्यादा से ज्यादा बच्चे को रखने में सक्षम होगें, इस पर उपाधीक्षक को निदेशित किया गया कि यथाशीघ्र सेड एवं शौचालय निर्माण कराना सुनिश्चित करेगें।

**(अनु0–उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, बाँका)**

6. समीक्षा के क्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति, बांका के द्वारा बताया गया कि जेनरल मेडिसिन वार्ड नहीं रहने से जेनरल पेसेंट का आई.पी.डी. नही हो पा रहा है। इसपर उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, बांका को आवश्यकता के आलोक में वायोवृद्ध सह जेनरल वार्ड यथाशीघ्र चालु करने का निदेश दिया गया।

**(अनु0–उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, बाँका)**

7. मिशन क्वालिटी के तहत अस्पताल को और बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए सभी चिकित्सकों को निदेशित किया गया। साथ ही, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, बांका को निदेशित किया गया कि मिशन क्वालिटी के अन्तर्गत सभी वाह्य विभाग यथा सर्जरी वाह्य विभाग, ईएनटी वाह्य विभाग, चर्मरोग वाह्य विभाग, आर्थो वाह्य विभाग एवं अन्य विशेषज्ञ वाह्य विभाग चालु करना सुनिश्चित करें।

**(अनु0–उपाधीक्षक, संबंधित चिकित्सक, सदर अस्पताल, बाँका)**

8. प्रसव कक्ष के रजिस्टर का अवलोकन उपरांत जिलाधिकारी महोदय के द्वारा रेफर एवं एब्सकोन्डिंग को कम करने हेतु उपाधीक्षक को निदेशित किया गया।

**(अनु0–उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, बाँका)**

9. उपरोक्त सभी इंडिकेटर के अवालोकनोपरांत जिला पदाधिकारी, बांका द्वारा उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, बांका को निदेशित किया गया कि प्रत्येक सप्ताह में सोमवार एवं शुक्रवार को चिकित्सकों के उपलब्धि कि समीक्षा करें तथा सिविल सर्जन, बांका के द्वारा प्रत्येक 15 दिनों पर उपलब्धि कि समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी को प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया गया।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त किया गया।

ह0

जिला पदाधिकारी
बाँका।

ज्ञापांक 310(DHS) /बाँका, दिनांक 27/02/2023 /

प्रतिलिपि :– संबंधित चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, बाँका को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– दल नायक केयर इंडिया, बाँका/अस्पताल प्रबंधक/उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, बाँका को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– क्षेत्रीय अपर निदेशक, भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आयुक्त, भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिलि :– कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिलि :– अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार को सादर सूचनार्थ समर्पित।

27.2.23

जिला पदाधिकारी
बाँका।